Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to run MEMU trains on Sikar-Jaipur route and also provide stoppage of long distance trains at Sikar and Jaipur Railway stations- laid.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के रेलवे से संबंधित विषयों की ओर दिलाना चाहता हूं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र सीकर से हजारों मजदूर,व्यापारी और किसान सीकर एवं जयपुर के बीच सुबह. शाम नियमित यात्रा करते हैं । लेकिन सीकर-जयपुर के बीच सुबह- शाम कोई नियमित ट्रेन नहीं चलती है, जिससे उनको अधिक किराया देकर बसों में यात्रा करनी पड़ती है । इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़, पलसाना, गोविंदगढ़, श्रीमाधोपुर, गोविंदगढ़, और चौमू स्टेशनों पर लंबी दूरी की अनेक ट्रेनों का स्टॉपेज नही है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि सीकर-जयपुर के बीच सुबह, शाम मेमो ट्रेनें चलाई जाए तथा उपरोक्त स्टेशनों पर लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज करवाने की कृपा करें ताकि क्षेत्र के आम जन को रेलवे की सेवाओं का फायदा मिल सके ।